# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 228 /भण्डार/2023 भोपाल, दिनांकः 06-02-2023

**पुस्तकें क्रय की खुली द्वितीय ई–निविदा वर्ष – 2023**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के केन्द्रीय पुस्तकालय, विभिन्न अध्ययनशलाओं के विभागीय पुस्तकालयों के विभिन्न संकायों के अंतर्गत् प्रचलित पाठ्यक्रमों, रूसा एवं सेन्टर आफ एक्सीलेन्स के अंतर्गत् प्राप्त अनुदान, विश्वविद्यालय मद से पुस्तकें क्रय हेतु ऑन–लाईन प्रथम ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। यह निविदा वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं आगामी दो वित्तीय वर्षो के लिए रेट कॉन्ट्रैक्ट (अनुबन्ध दर) किया जाना है। निविदा प्रपत्र, निविदा शर्ते, अन्य विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर लॉग–इन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1,000=00 (रू. एक हजार मात्र) तथा सुरक्षा निधि रू. 1,00,000 (रू. एक लाख मात्र) हैं। इन्हें ऑन–लाईन निविदा के साथ जमा किया जाना हैं।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 50,00,000=00 (रू. पचास लाख मात्र) हैं। प्रकाशन पश्चात निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार हैः-

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा जारी करने की तिथि | 06-02-2023 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर भी दर्शित है। |
| 02 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड प्रारंभ होने की तिथि | 06-02-2023 | |
| 03 | निविदा प्रस्तुत / अपलोड प्रारंभ होने की तिथि | 06-02-2023 | |
| 04 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | 10-02-2023 | |
| 05 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 21-02-2022 | |
| 06 | निविदा प्रस्तुत / अपलोड करने की अंतिम तिथि | 21-02-2022 | |
| 07 | निविदा खोलने की तिथि | 22-02-2022 | |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bubhopal.ac.in पर भी उपलब्ध हैं। जिन निविदाकर्ता फर्म ने विश्वविद्यालय द्वारा जारी पुस्तकें क्रय की प्रथम निविदा क्रमांकः 191/भण्डार/2022 भोपाल, दिनांकः 03-08-2022 में भाग लिया है उन्हें पुनः निविदा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

कुलसचिव

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## पुस्तकें क्रय करने हेतु द्वितीय ई निविदा- वर्ष 2023

**भाग – 1**
**निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी**

1.1 निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा सम्बन्धी जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेब साइट www.bubhopal.ac.in पर भी उपलब्ध है।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के केन्द्रीय पुस्तकालय, विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागीय पुस्तकालयों के विभिन्न संकायों के अंतर्गत् प्रचलित पाठ्यक्रमों, विश्वविद्यालय के विभिन्न सेल एवं अन्य विभागों के लिए भारतीय प्रकाशन, विदेशी प्रकाशन, विभिन्न संस्थागत/सोसाइटी/एन.जी.ओ. प्रकाशन आदि की पाठ्यपुस्तकों/शोध गन्थों / संदर्भ ग्रन्थों / पाठ्य-सामग्री / नियम पुस्तकें आदि के लिए यू.जी.सी., रूसा, विश्व बैंक, विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागीय बजट, विश्वविद्यालय के केन्द्रीय बजट एवं अन्य उपलब्ध बजट आदि से वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं आगामी दो वित्तीय वर्षों के लिए रेट कान्ट्रेक्ट (अनुबन्ध दर) पर पुस्तकें क्रय किया जाना है। इस क्रय में विक्रेता द्वारा निविदा में दी जाने वाली छूट दर अधिकतम (डिस्काउन्ट रेट) के आधार पर खुली निविदा आमंत्रित की जा रही है।

1.3 विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी संस्थान, फार्मेसी विभाग, बायो साइन्स विभाग, जेनेटिक्स विभाग, इनवायरमेन्ट साइन्स विभाग, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, जेनेटिक्स एवं बायोकेमेस्ट्री विभाग, एक्वाकल्चन विभाग, अर्थ साइन्स विभाग, भौतिकी विभाग, इलेक्ट्रानिक्स विभाग, कम्प्यूटर साइन्स विभाग, विधि विभाग, मनोविज्ञान विभाग, समाजशास्त्र विभाग, भाषा एवं संस्कृति विभाग, रिजनल प्लानिंग एवं इकोनामिक्स ग्रोथ विभाग, कॉमर्स विभाग, मेनेजमेन्ट विभाग, एजुकेशन विभाग, दूरस्थ शिक्षा विभाग, महिला अध्ययन विभाग, योग विभाग आदि स्थित है। इन विभागों में अध्ययनरत छात्रों हेतु पुस्तकें क्रय की जाना है।

1.4 पुस्तकें क्रय की निविदा को वेब-साईट https://mptenders.gov.in पर ऑन-लाइन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब-साइट पर दी जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000-00 (रूपये एक हजार मात्र) है। जो वापसी योग्य नहीं होगा। इन्हें ऑन लाईन जमा किया जाना है। निविदा की प्रतिभूति राशि रूपयेः 1,00,000=00 (रू. एक लाख मात्र) है। निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 50,00,000=00 (रू. पचास लाख मात्र) है। यह राशि अनुमानित है। इससे अधिक या कम राशि की पुस्तकें क्रय की जा सकती है।

1.5 निविदा ऑन-लाइन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैः-

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा जारी करने की तिथि | 06-02-2022 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर भी दर्शित है। |
| 02 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड प्रारंभ होने की तिथि | 06-02-2022 | |
| 03 | निविदा प्रस्तुत / अपलोड प्रारंभ होने की तिथि | 06-02-2022 | |
| 04 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | 10-02-2022 | |
| 05 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 21-02-2022 | |
| 06 | निविदा प्रस्तुत / अपलोड करने की अंतिम तिथि | 21-02-2022 | |
| 07 | निविदा खोलने की तिथि | 22-02-2022 | |



अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

1.6 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा खोली नहीं जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस में खोली जावेगी।

1.7 **प्रक्रिया-1**: निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000=00 हैं। सुरक्षा निधि रूपये 1,00,000=00 हैं। इन्हें आन लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।

उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया-2 के लिए योग्य माना जायेगा।

1.8 **प्रक्रिया-2** : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही तकनिकी निविदा खोली जावेगी। तकनिकी निविदा के भाग-2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं।

1.9 **प्रक्रिया-3** : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को ऑन लाइन प्रस्तुत किया जाना हैं।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 निविदाकर्ता को पिछले चार वित्तीय वर्ष (2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22) में किन्ही 03 वित्तीय वर्षो में किसी भी शासकीय, केन्द्रीय या शासकीय राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकें प्रदाय का अनुभव होना चाहिए। उक्त वित्तीय वर्ष में एकल निविदा के अंतर्गत् कम से कम रूपये 50-00 लाख मूल्य की पुस्तकों को प्रदाय करने का अनुभव रहा हो। उक्त वित्तीय वर्षो में सन्तुष्टिपूर्ण आपूर्ति के प्रमाण पत्र एवं आदेश की प्रति संलग्न करें।

2.2 निविदाकर्ता का टर्न ओवर पिछले चार वित्तीय वर्ष (2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22) में किन्ही 03 वित्तीय वर्षो में प्रत्येक वर्ष में न्यूनतम रूपये 1-00 करोड़ प्रतिवर्ष रहा हो। इसकी चार्टर्ड अकान्टेन्ट द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र एवं आडिडेट बैलेन्सशीट एवं व्यापार तथा लाभ हानि खाते के सहित संलग्न करें।

2.3 निविदाकर्ता गुड ऑफिस कमेटी (GOC) द्वारा प्रमाणित बुक सेलर एसोसिएशन का सदस्य हो। इसके प्रमाण की छायाप्रति संलग्न करें।

2.4 निविदाकर्ता ने न्यूनतम तीन शासकीय केन्द्रीय या शासकीय राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकों की सन्तुष्टिपूर्ण आपूर्ति की हो इसके प्रमाण स्वरूप संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा जारी क्रयादेश/एवं सन्तुष्टिपूर्ण आपूर्ति का प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.5 निविदाकर्ता किसी भी शासकीय संस्थान से ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को शपथ पत्र रूपये 500-00 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड कर निविदा के साथ छाया प्रति प्रस्तुत की जावे।

2.6 आयकर के पिछले चार असेसन्मेट वर्ष (2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22) का ITR का प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.7 निविदाकर्ता फर्म के आयकर (PANCARD) की छाया प्रति निविदा के साथ संलग्न करें।

2.8 निविदाकर्ता के पुस्तक व्यवसाय का भारत में एक स्थायी कार्यालय/शोरुम हो । इस हेतु वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.9 विदेशी प्रकाशन की पुस्तकों के संबंध में कन्वर्शन रेट गुड ऑफिस कमेटी (GOC) के अनुसार आदेश प्रसारित होने के दिन पर निर्धारित दर को लागू माना जाएगा।

2.10 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न समस्त प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर कर स्केन कर निविदा के साथ प्रस्तुत करें।

2.11 पुस्तको की निविदा में निविदाकर्ता फर्म को उस प्रकाशक का वैध प्राधिकार पत्र जो कि कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को संबोधित हो जिसमें अंकित हो कि यह प्राधिकार पत्र कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा जारी निविदा के लिए प्राधिकृत है। प्राधिकृत पत्र में निविदा क्रमांक एवं दिनांक अंकित होना चाहिए।

2.12 मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को शासन द्वारा निविदा में प्राथमिकता के लिए वैध उद्यम सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

2.13 पुस्तकों की वित्तीय निविदा में फर्म का नाम, पुस्तक के विषय का नाम, प्रकाशक का नाम तथा डिस्काउन्ट का प्रतिशत अंकित किया जाना है।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**निम्नानुसार दस्तावेजों फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कापी अपलोड की जाना हैं।**

| सं.क्रं. | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा फार्म राशि रूपये 1,000-00 की जमा की रसीद **(संलग्नक A1)** |
| 02 | सुरक्षा निधि राशि रूपये 1,00,000=00 जमा की रसीद **(संलग्नक A2)** |
| 03 | निविदाकर्ता को पिछले चार वित्तीय वर्ष (2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22) में किन्ही 03 वित्तीय वर्षो में किसी भी शासकीय, केन्द्रीय या शासकीय राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकें प्रदाय का अनुभव होना चाहिए। उक्त वित्तीय वर्ष में एकल निविदा के अंतर्गत् कम से कम रूपये 50-00 लाख मूल्य की पुस्तकों को प्रदाय करने का अनुभव रहा हो। उक्त वित्तीय वर्षो में सन्तुष्टिपूर्ण आपूर्ति के प्रमाण पत्र **(संलग्नक A3)** एवं आदेश **(संलग्नक A4)** की प्रति संलग्न करें। |
| 04 | निविदार्ता का टर्न ओवर पिछले चार वित्तीय वर्ष (2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22) में प्रत्येक वर्ष में न्यूनतम रूपये 1-00 करोड़ प्रतिवर्ष रहा हो। इसकी चार्टर्ड अकान्टेन्ट द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र **(संलग्नक A5)** एवं आडिडेट बैलेन्सशीट **(संलग्नक A6)** एवं व्यापार तथा लाभ हानि खाते के सहित संलग्न करें। |
| 05 | निविदाकर्ता गुड ऑफिस कमेटी (GOC) द्वारा प्रमाणित बुक सेलर एसोसिएशन का सदस्य हो। इसके प्रमाण की छायाप्रति संलग्न करें। **(संलग्नक A7)** |
| 06 | निविदाकर्ता ने न्यूनतम तीन शासकीय केन्द्रीय या शासकीय राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकों की सन्तुष्टिपूर्ण आपूर्ति की हो इसका प्रमाण स्वरूप संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा जारी क्रयादेश / एवं सन्तुष्पिूर्ण आपूर्तिकर्ता का प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। **(संलग्नक A8),(संलग्नक A9),(संलग्नक A10)** |
| 07 | निविदाकर्ता किसी भी शासकीय संस्थान से ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को शपथ पत्र रूपये 500-00 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड कर निविदा के साथ छाया प्रति प्रस्तुत की जावे। **(संलग्नक A11)** |
| 08 | आयकर के पिछले चार असेसन्मेट वर्ष (2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22) का ITR का प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। **(संलग्नक A12), (संलग्नक A13), (संलग्नक A14)(संलग्नक A15)** |
| 09 | निविदाकर्ता फर्म के आयकर (PANCARD) की छाया प्रति निविदा के साथ संलग्न करें। **(संलग्नक A16)** |
| 10 | निविदाकर्ता का पुस्तक व्यवसाय का भारत में एक स्थायी कार्यालय/शोरूम हो । इस हेतु वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। **(संलग्नक A17)** |
| 11 | विदेशी प्रकाशन की पुस्तकों के संबंध में कन्वर्शन रेट गुड ऑफिस कमेटी (GOC) के अनुसार आदेश प्रसारित होने के दिन पर निर्धारित दर को लागू माना जाएगा। **(संलग्नक A18)** |
| 12 | पुस्तको की निविदा में निविदाकर्ता फर्म को उस प्रकाशक का वैध प्राधिकार पत्र जो कि कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को संबोधित हो जिसमें अंकित हो कि यह प्राधिकार पत्र कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा जारी निविदा के लिए प्राधिकृत है। प्राधिकृत पत्र में निविदा क्रमांक एवं दिनांक अंकित होना चाहिए। **(संलग्नक A19)** |
| 13 | मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को शासन द्वारा निविदा में प्राथमिकता के लिए वैध उद्यम सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य है। **(संलग्नक A20)** |
| 14 | निविदा प्रपत्र ए-3 संलग्न करें। **(संलग्नक A21)** |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्ते

3.1 निविदा में सफल फर्म को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबन्ध संपादित करना होगा। यह अनुबन्ध एक वर्ष के लिए प्रभावी होगा। निविदाकर्ता फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए अनुबन्ध की अवधि एक बार में एक वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकेगी।

3.2 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

3.3 निविदाकर्ता को नवीनतम संस्करण की पुस्तकें क्रयादेश के साथ संलग्न सूचियों के अनुसार तथा निर्धारित वित्तीय सीमा में विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय, विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागीय पुस्तकालयों, विश्वविद्यालय के विभिन्न सेल एवं अन्य विभागों जहॉ का आदेश प्रसारित किया गया हो, में सुरक्षित एवं संरक्षित रूप से प्रदान करनी होगी। फटी हुई, क्षतिग्रस्त पुस्तकें स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदाकर्ता द्वारा प्रदान की गयी पुस्तकें यदि नवीन संस्करण की नहीं पायी जाती हैं या फोटोकापीड पुस्तकें पायी जाती है या उनमें किसी भी प्रकार का कोई कॉपी राइट का या अन्य उल्लंघन पाया जाता है जो भविष्य में भी उजागर होता है तो इसकी पूर्ण जवाबदारी निविदाकर्ता की होगी।

3.4 मार्ग में हुई किसी भी प्रकार की हानि, चोरी, आगजनी, दुर्घटना, प्राकृतिक/आकस्मिक आपदा के कारण या अन्य किसी भी प्रकार से हुई क्षति के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

3.5 निविदाकर्ता पुस्तकों के प्रदाय का परिवहन भाड़ा, ढुलाई व्यय, सुपुर्दगी व्यय या अन्य समस्त व्यय का वहन करेंगें। ''टू पे'' या ''वी.पी.पी.'' बिल्टी द्वारा प्रदाय मान्य नहीं होगा।

3.6 निविदाकर्ता पुस्तकें प्रदान करने से पूर्व इसकी सूचना विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में प्रदान करेंगे जिससे पुस्तकों को रखने की व्यवस्था पूर्व से ही की जा सके।

3.7 निविदाकर्ता जो पुस्तकें प्रदान करेंगे उस की एक्सेल में पूर्ण सूची विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में पूर्व से ही प्रदान करेगें एवं उनके द्वारा प्रस्तुत बिल, संलग्नक आदि की स्कैन कापी पी.डी.एफ. फारमेट में विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध करवाएँगें।

3.8 अधिकतम छूट (डिस्काउन्ट दर) के आधार पर निविदा की अन्य शर्तो को पूर्ण करने वाले निविदाकर्ता को रूपये 1000-00 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड कर विधिवत अनुबंध पत्र संपादित करना होगा।

3.9 विश्वविद्यालय द्वारा क्रय आदेश आवश्यकतानुसार एक मुश्त या पृथक-पृथक दिये जा सकेगें।

3.10 यदि एक ही डिस्काउन्ट रेट पर एक से अधिक निविदाकर्ता सफल होते है तो जिस फर्म का औसत टर्न ओवर वित्तीय वर्ष (2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22) में अधिक होगा । उस निविदाकर्ता फर्म का चयन किया जावेगा। इस पर किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म का दाया या आपत्ति मान्य रही होगा।

3.11 निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय पुस्तकें सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तो का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी



अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौति का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.12 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि लौटा दी जायेगी।

3.13 स्वीकृत / अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.14 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.15 निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी।

3.16 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उठता है तो सही व्याख्या का निर्णय कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का होगा।

3.17 निविदा विषयक विवाद में अन्तिम निर्णय कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का होगा।

3.18 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

3.19 निविदाकर्ता निविदा की समस्त शर्तो का पालन करने के लिए बाध्य एवं उत्तरदायी रहेगा।

3.20 निविदा में सफल फर्म पुस्तकों के प्रदाय के उपरांत विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय से समन्वय स्थापित कर एक निश्चित दिनांक को अपने द्वारा प्रदाय की गई समस्त पुस्तकों को पुस्तकालय / विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समिति / अधिकारी / कर्मचारियों के समक्ष अपनी पुस्तकें के बाक्स खोल कर विश्वविद्यालय द्वारा दिये प्रदाय आदेश की प्रति के साथ पुस्तकों का मिलान करवाएगें एवं बिल के साथ सभी पुस्तकें सही पाये जाने का प्रमाण पत्र प्राप्त कर संलग्न करेंगें। मात्र पुस्तकें पुस्तकालय में पहुँचा देने से पुस्तकों को प्राप्त होना नहीं माना जावेगा। जब तक पुस्तकें सही प्राप्त हुई है का प्रमाण पत्र प्राप्तकर्ता द्वारा नहीं दिया जाता पुस्तकें विश्वविद्यालय को प्राप्त होना नहीं पाया जावेगा।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

ब्लैक लिस्ट न होने संबंधी शपथ पत्र रू. 500-00 का नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर

मैं----------------------पुत्र/पुत्री------------------------------------उम्र------------- पता----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------- शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि फर्म से संबंधित निम्नांकित जानकारी सत्य है। मैने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमें वर्णित समस्त शर्ते मुझे तथा मेरी संस्था को मान्य हैं। यदि निविदा एवं शपथ पत्र में प्रस्तुत जानकारी असत्य पायी जाती है तो बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को मेरे द्वारा प्रस्तुत निविदा निरस्त करने का अधिकार है एवं फर्म द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि/बैंक गारंटी जब्त करते हुए फर्म को ब्लेकलिस्ट करने का अधिकार भी होगा एवं हमारी फर्म को यह मान्य होगा :-

(1) मैं निविदाकर्ता संस्था-----------------------(फर्म/कम्पनी/समिति का नाम) का ---------------------------------------(एकल स्वामी / साझेदार /-----------संचालक / मैनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि) हूं तथा यह संस्था वर्तमान में वैधानिक रूप से पंजीकृत है। जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता-----------------------------------------------------------------हैं।

(2) निविदा में वर्णित पुस्तकें प्रदाय को सम्पादित करने के लिए मेरे / मेरी संस्था के पास समस्त आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्तियां, पंजीकरण तथा स्वीकृतियां प्राप्त हैं।

(3) फर्म द्वारा निविदा फार्म की राशि रू. 1000-00 आन लाईन यू.टी.आर. नम्बरः----------------दिनांकः-----------से जमा कर दी है।

(4) फर्म द्वारा सुरक्षा निधि राशि रू. 1,00,000-00 आन लाईन यू.टी.आर. नम्बरः----------------दिनांकः-----------से जमा कर दी है।

(5) फर्म के पास पिछ्ले चार वित्तीय वर्ष (2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22) में किन्ही 03 वित्तीय वर्षो में किसी भी शासकीय केन्द्रीय या शासकीय राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तके प्रदाय का अनुभव उपलब्ध है इनकी छाया प्रति संलग्न है।

(6) फर्म के पास वित्तीय वर्ष (2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22) में एकल निविदा के अंतर्गत् कम से कम रूपये 50-00 लाख् मूल्य की पुस्तकों को प्रदाय करने का अनुभव उपलब्ध है। इसकी छाया प्रति संलग्न है। उक्त वित्तीय वर्षो में सन्तुष्टिपूर्ण आपूर्ति के प्रमाण पत्र एवं आदेश की प्रति संलग्न है।

(7) फर्म का टर्न ओवर पिछले चार वित्तीय वर्ष (2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22) में किन्ही 03 वित्तीय वर्षो में प्रत्येक वर्ष में न्यूनतम रूपये 1-00 करोड़ प्रतिवर्ष है। इसकी चार्टर्ड अकान्टेन्ट द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र एवं आडिडेट बैलेन्सशीट एवं व्यापार तथा लाभ हानि खाते के सहित संलग्न है।

(8) फर्म गुड ऑफिस कमेटी (GOC) द्वारा प्रमाणित बुक सेलर एसोसिएशन का सदस्य है। इसके प्रमाण की छायाप्रति संलग्न है।

अनुभाग अधिकारी (भ०...)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,

(9) फर्म ने न्यूनतम तीन शासकीय केन्द्रीय या शासकीय राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकों की सन्तुष्टिपूर्ण आपूर्ति की है इसके प्रमाण स्वरूप संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा जारी क्रयादेश/एवं सन्तुष्टिपूर्ण आपूर्ति का प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है।

(10) फर्म किसी भी शासकीय संस्थान से ब्लैक लिस्टेड नहीं है।

(11) यह कि फर्म का निविदा में उल्लेखित पुस्तकें के प्रदाय के सम्बन्धी में कोई कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

(12) यह कि फर्म को किसी शासकीय संस्था/उपक्रम/बैंक से दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।

(12) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने तथा सुरक्षा निधि जब्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

(13) फर्म का आयकर के पिछले चार असेसन्मेट वर्ष (2018-19, 2019-20, 2020-2, 2021-222) का ITR का प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है।

(14) निविदाकर्ता फर्म के आयकर (PANCARD) की छाया प्रति निविदा के साथ संलग्न है।

(15) फर्म का पुस्तक व्यवसाय का भारत में एक स्थायी कार्यालय/शोरुम है। इस हेतु वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

(16) विदेशी प्रकाशन की पुस्तकों के संबंध में कन्वर्शन रेट गुड ऑफिस कमेटी (GOC) के अनुसार आदेश प्रसारित होने के दिन पर निर्धारित दर को लागू माना जाएगा।

(17) पुस्तको की निविदा में निविदाकर्ता फर्म को उस प्रकाशक का वैध प्राधिकार पत्र जो कि कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को संबोधित है। जिसमें अंकित है कि यह प्राधिकार पत्र कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा जारी निविदा के लिए प्राधिकृत है। प्राधिकृत पत्र में निविदा क्रमांक एवं दिनांक अंकित है।

(18) फर्म का मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को शासन द्वारा निविदा में प्राथमिकता के लिए वैध उद्यम सर्टिफिकेट प्रस्तुत है।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## प्रपत्र ए–3
## (निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– पुस्तकें प्रदाय करने हेतु निविदा वर्ष 2023 में संस्था की जानकारी बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| सं0 क्रं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | मोबाईल नम्बर एवं लेन्डलाईन नम्बर | |
| 06 | ई–मेल | |

## प्रमाण–पत्र

मैं निविदाकर्ता ने उक्त निविदा की भाग 1, 2, 3 में दी समस्त शर्तो को अच्छी तरह से पढ़ और समझ लिया है और मुझे निविदा की समस्त शर्तें मान्य एवं स्वीकार है। मैं प्रमाणित करता हूँ कि निविदा की समस्त शर्तों के अनुसार पुस्तकें प्रदान करने हेतु तैयार है।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# BARKATULLAH UNIVRSITY, BHOPAL

## BOOKS PRICEBID

| | | **FIRM NAME** | | |
|---|---|---|---|---|
| S.NO | SUBJAECT NAME | PUBLISHER INCLUDING THEIR IMPRINTS | DISCOUNT IN FIGURE | DISCOUNT IN FIGURE |
| 1 | | AITBS PUBLICATIONS | | |
| 2 | | AURIS REFERENCE | | |
| 3 | | BSP PUBLICATIONS | | |
| 4 | | CAMBRIDGE UNIVERSITY PRESS | | |
| 6 | | CBS PUBLISHERS & DISTRIBUTORS PVT. LTD. | | |
| 7 | | CENGAGE LEARNING | | |
| 8 | | CENTRAL LAW PUBLICATION | | |
| 9 | | CRC PRESS (T&F GROUP) | | |
| 10 | | ELSEVIER | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 | | GOVERNMENT AND OTHER NATIONAL/ INTERNATIONAL INTERGOVERNMENTAL PUBLICATIONS LIKE W.H.O | | |
| 12 | | HODDER ARNOLD | | |
| 13 | | HUMANA PRESS | | |
| 14 | | INTECH | | |
| 15 | | J K JAIN BROTHERS | | |
| 16 | | JOHN WILEY | | |
| 17 | | JAYPEE BROTHERS MEDICAL PUBLISHERS PVT. LTD | | |
| 18 | | KHANNA PUBLISHERS | | |
| 19 | | KAILASH PUSTAK SADAN | | |
| 20 | | LAXMI PUBLICATIONS | | |
| 21 | | McGraw-Hill EDUCATION | | |
| 22 | | NAROSA PUBLISHING HOUSE | | |
| 23 | | NEW AGE INTERNATIONAL | | |
| 24 | | NEW CENTRAL BOOK AGENCY PVT.LTD. | | |
| 25 | | NIRALI PRAKASHAN | | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 26 | | ORIENT BLACKSWAN | | |
| 27 | | OXFORD UNIVERSITY PRESS | | |
| 28 | | PEARSON EDUCATION GROUP | | |
| 29 | | PRENTICE HALL OF INDIA | | |
| 30 | | SAHITYA BHAWAN | | |
| 31 | | S CHAND PUBLISHERS | | |
| 32 | | SAGE PUBLICATIONS INDIA PVT. LTD. | | |
| 33 | | SHIVLAL AGRAWAL & SONS | | |
| 34 | | SPRINGER | | |
| 35 | | VIKAS PUBLISHING HOUSE | | |
| 36 | | WILEY INDIA PVT.LTD. | | |
| 37 | | TERI | | |
| 38 | | OTHER FOREIGN PUBLISHERS NOT LISTED | | |
| (I) | | | | |
| (II) | | | | |
| (III) | | | | |
| (IV) | | | | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (V) | | | | |
| (VI) | | | | |
| (VII) | | | | |
| (VIII) | | | | |
| (IX) | | | | |
| (X) | | | | |
| (XI) | | | | |
| (XII) | | | | |
| (XIII) | | | | |
| (XIV) | | | | |
| (XV) | | | | |
| (XVI) | | | | |
| (XVII) | | | | |
| (XVIII) | | | | |
| (XIX) | | | | |
| (XX) | | | | |
| 39 | | OTHER INDIAN PUBLISHERS NOT LISTED | | |
| (I) | | | | |
| (II) | | | | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
[illegible] विश्वविद्यालय, भोपाल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (III) | | | | |
| (IV) | | | | |
| (V) | | | | |
| (VI) | | | | |
| (VII) | | | | |
| (VIII) | | | | |
| (IX) | | | | |
| (X) | | | | |
| (XI) | | | | |
| (XII) | | | | |
| (XIII) | | | | |
| (XIV) | | | | |
| (XV) | | | | |
| (XVI) | | | | |
| (XVII) | | | | |
| (XVIII) | | | | |
| (XIX) | | | | |
| (XX) | | | | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल